प्रमुख घटनाएं और उपलब्धियां
(जनवरी, 2018)

*****

प्रमुख घटनाएं एवं उपलब्धियां

1. राज्य स्वास्थ्य मंत्रियों की एक बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक की अध्यक्षता माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री द्वारा की गई थी। यह राज्य स्वास्थ्य मंत्रियों और राज्य स्वास्थ्य सचिवों की सर्वप्रथम बैठक थी जिसका नागरिकों के स्वास्थ्य एवं कल्याण पर व्यापक प्रभाव पड़ा और यह निवारक स्वास्थ्य परिचर्या के लिए महत्वपूर्ण है। बैठक के दौरान, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 'क्लीन स्ट्रीट फूड हब्स' और 'सेफ एंड हाइजीनिक फूड फेस्टिवल' संबंधी दिशा-निर्देश भी जारी किए। ये स्ट्रीट फूड वेंडर्स की क्षमताओं का निर्माण करने में सहायक होंगे तथा असंगठित स्ट्रीट फूड वेंडिंग में नागरिकों के विश्वास को बढ़ाने में भी सहायक होंगे।

2. गर्भधारण से पहले और प्रसवपूर्व नैदानिक तकनीक अधिनियम (पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम, 1994) के अंतर्गत गठित केन्द्रीय पर्यवेक्षण बोर्ड की 26वीं बैठक माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री की अध्यक्षता में 24 जनवरी, 2018 को आयोजित की गई थी।

3. दिनांक 24 जनवरी, 2018 को आयोजित रिट याचिका (सिविल) 341/2008 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 13.12.2017 के निर्णय को कार्यान्वित करने के लिए विशेषज्ञ समिति की बैठक आयोजित की गई थी।

4. वार्षिक रूप से 50/100/150/200/250 एमबीबीएस प्रवेश विनियम, 1999 संबंधी न्यूनतम मानक अपेक्षा में संशोधन किया गया था।

5. एनईईटी (एसएस), 2018 परीक्षा सुपर स्पेशियलिटी के आधार पर आयोजित की जाएगी जिसमें विद्यार्थियों के पास अधिकतम 2 सुपर स्पेशियलिटी के लिए परीक्षा देने का विकल्प होगा, ताकि अभ्यर्थियों द्वारा काउंसिलिंग के दौरान अनावश्यक रूप से सीटें ब्लॉक करने की संभावना न्यूनतम हो जाए। 60% प्रश्न विशेष स्पेशियलिटी से तथा 40% प्रश्न फीडर कोर्स ब्रॉड स्पेशियलिटी से आ सकते हैं।

6. एमसीआई की सिफारिशों के आधार पर, मंत्रालय ने शैक्षणिक सत्र 2018-19 के लिए स्नातकोत्तर (ब्रॉड स्पेशियलिटी) में 12 सीटें सृजित करने/वृद्धि करने के लिए अनुमति पत्र (एलओपी) जारी किया है।

7. शैक्षणिक वर्ष 2018-19 के लिए विविध एमडीएस पाठ्यक्रमों के लिए 52 डेन्टल कॉलेजों को अनुमति के नवीकरण संबंधी पत्र जारी किए गए हैं।

8. शैक्षणिक वर्ष 2018-19 के 4 डेन्टल कॉलेजों के संबंध में एमडीएस पाठ्यक्रम शुरु करने/वृद्धि करने के लिए अनुमति पत्र जारी किए गए हैं।

9. राष्ट्रीय रक्ताधान परिषद (एनबीटीसी) के शासी निकाय की 27वीं बैठक का आयोजन अपर सचिव एवं महानिदेशक, नाको एवं अध्यक्ष एनबीटीसी की अध्यक्षता में 30 जनवरी, 2018 को नाको में किया गया था।

10. एचआईवी एवं सिफलिस रोग के माता से बच्चों में संरचरण के उन्मूलन के लिए 5 राज्यों (असम, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश) में हुई प्रगति की समीक्षा करने हेतु अपर सचिव एवं महानिदेशक, नाको की अध्यक्षता में 30 जनवरी, 2018 को नाको में एक बैठक का आयोजन किया गया।

11. सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से 16 जनवरी, 2018 को सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रधान सचिवों/मिशन निदेशकों के साथ क्षयरोग कार्यक्रम की समीक्षा की गई।

12. गहन मिशन इंद्रधनुष के चौथे चरण में 25 जनवरी, 2018 तक लगभग 58.66 लाख बच्चों एवं 11.71 लाख गर्भवती महिलाओं को टीके लगाए जा चुके हैं।

13. दृष्टिहीनता पर नियंत्रण रखने हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत, जनवरी, 2018 में मोतियाबिंद के लगभग 5.21 लाख ऑपरेशन किए गए, स्कूली बच्चों को 0.97 लाख चश्मे नि:शुल्क वितरित किए गए तथा दान की गई 3,751 आंखें एकत्र की गई।